# भरने चलो कांवड़िया | By Pt. Ravinder Sharma

ताल ना टूटे चाल ना छूटे लम्बी नहीं डगरिया
कावड़ियों की टोली निकली डंडा ले केसरिया
गंगा मैया की जय बोल के भरने चलो केवडीया

झम झम बरसे मेघ झमाझम अम्बर चमके बिजुरिया
सजा सजा के कांवर निकले रंग बिरंगी डगरिया
भोले शम्भू ले रहे भैया सब भक्तों की खबरिया
गंगा मैया की जय बोल के भरने चलो केवडीया

तपती तपती गर्मी में कावड़िया चलते जाए
खेत पहाड़ हो या चट्टानें कदम न रुकने पाए
लगे चोट तो बम बम बोलो वो ही है रखवैया
गंगा मैया की जय बोल के भरने चलो केवडीया

कोई गाये झूमर कोई जय जयकार लगावे
मस्त हैं सब भोले के ध्यान में बम बम बम शिव गावे
एक ही सच्चा है कावड़िया भोलेनाथ सांवरिया
गंगा मैया की जय बोल के भरने चलो केवडीया

ध्यान करो बारह ज्योतिर्लिंग भक्त सभी कावड़िया
गंगा के तट विश्वनाथ की प्यारी बसी नगरिया
रेवा तीरे ममलेश्वर है बहे नर्मदा मैया
रेवा मैया की जय बोल के भरने चलो केवडीया
गंगा मैया की जय बोल के भरने चलो केवडीया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-pt-ravinder-sharma/